# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर
## खेलकूद–परिषद

पत्रांक 194/खेलकूद परिषद/2016 दिनांक 17.10.2016
18.10.16

**सेवा में,**

**समस्त प्राचार्य**
सम्बद्ध महाविद्यालय
वी.ब.सिंह पूर्वान्चल वि.वि. जौनपुर

**महोदय,**

खेलकूद परिषद, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा सत्र 2016–17 की निम्नलिखित अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न कराये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रतियोगिताओं के आयोजन की तिथि निम्न विवरण के अनुसार निर्धारित की गयी है–

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | प्रविष्टि की अंतिम तिथि | प्रतियोगिता की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | हैण्डबाल पुरूष | 20.10.2016 | 24 एवं 25.10.2016 |
| 2 | हैण्डबाल महिला | 22.10.2016 | 26.10.2016 |
| 3 | कबड्डी पुरूष | 18.11.2016 | 21 एवं 22.11.2016 |
| 4 | क्रिकेट महिला | 25.11.2016 | 28.11.2016 से 30.11.2016 |
| 5 | क्रिकेट पुरूष | 05.12.2016 | 10 से 17.12.2016 |
| 6 | हाकी महिला | 18.12.2016 | 21.12.2016 |
| 7 | कुश्ती (ग्रीको पुरूष एवं फ्री स्टाईल पुरूष एवं महिला) | 20.12.2016 | 23 एवं 24.12.2016 |
| 8 | वालीबाल महिला | 28.12.2016 | 02.01.2017 |
| 9 | बाक्सिंग पुरूष | 01.01.2017 | 04.01.2017 |
| 10 | जिम्नास्टिक पुरूष एवं महिला | 03.01.2017 | 06.01.2017 |
| 11 | भारोत्तोलन पुरूष एवं महिला | 05.01.2017 | 10 एवं 11.01.2017 |

कृपया उपरोक्त निर्धारित अंतिम तिथि तक अपने महाविद्यालय के टीम की प्रविष्टि विशेष वाहक द्वारा अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें तथा प्रतियोगिता आयोजन के प्रथम दिन सुबह 08 बजे तक अपने महाविद्यालय के टीम के साथ विश्वविद्यालय परिसर एकलब्य स्टेडियम में उपस्थित होने का भी कष्ट करें।

भवदीय,
सचिव
खेलकूद परिषद

**प्रतिलिपि–**

1. निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. चयनकर्तागण को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त तिथि पर उपस्थित होकर विश्वविद्यालय टीम के चयन में सहयोग करें।
3. वेब मास्टर, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

**प्रतियोगिता सम्बन्धी नियम–**

1. ए0 आई0 यू0 द्वारा प्रेषित इलिजिबिलिटी रूल्स सत्र 2016–17 जो पूर्व में प्रेषित किया गया है के अनुसार खिलाड़ियों की पात्रता वैध होगी।
2. प्रविष्टि पत्र में प्राचार्य/विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा के कार्यालय एवं आवास का फोन नं0 अवश्य अंकित करें।
3. प्रत्येक खिलाड़ी का सत्र 2016–2017 का परिचय पत्र तथा पात्रता प्रमाण–पत्र प्राचार्य/डीन/विभागाध्यक्ष (विश्वविद्यालय परिसर में अध्ययनरत छात्रों हेतु) द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित एवं मुहर के साथ होना आवश्यक है।
4. प्रत्येक खिलाड़ी के पात्रता प्रमाण–पत्र के साथ दो पासपोर्ट साइज की फोटोग्राफ जिन पर कोई मुहर इत्यादि न लगा हो, संलग्न करना आवश्यक है।
5. प्रत्येक खिलाड़ी को हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं पूर्व कक्षा का अंक पत्र की मूल एवं छायाप्रति लाना आवश्यक है।
6. प्रत्येक टीम के साथ मैनेजर का होना आवश्यक है, तथा कोई भी चयनकर्ता टीम मैनेजर नहीं हो सकता। टीमों को केवल आवासीय व्यवस्था ही प्रदान की जायेगी। अन्य जानकारी हेतु श्री विपिन चन्द्र अस्थाना, सचिव, खेलकूद परिषद (मोबाइल नं0–9415840139) एवं श्री रजनीश कुमार सिंह, खेल सहायक (मोबाइल नं0– 9839224627) से सम्पर्क कर सकते हैं।

सचिव
खेलकूद परिषद